

# बिना लाइसेंस रिन्युअल के पैथालॉजी का संचालन

## छिंदवाड़ा का स्वास्थ्य तंत्र लापरवाही के कटघरे में

**छिंदवाड़ा।** जिले में पैथालॉजी टेस्टिंग सेवाओं की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। बढ़ती शिकायतों पर पार्थ पैथालॉजी पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे है जिसने स्वास्थ्य तंत्र की शैली पर उंगली उठाई है। लैब में लंबे समय से लाइसेंस रिन्युअल लंबित है। इसके बावजूद भी परीक्षण सेवाएं निरंतर जारी है। पार्थ पैथालॉजी का संचालन करने वाले राजेन्द्र पटेल से प्राप्त लाइसेंस LH/6239/APR/2022 दस्तावेजों के आधार पर 31 मार्च 2025 को लाइसेंस की अवधि समाप्त हो गई है। यदि आरोप सही है तो यह न केवल नियमों का खुला उल्लंघन है बल्कि मरीजों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है। मीडिया की टीम जब संबंधित पैथालॉजी पहुंची तो संचालक ने उन्हें गुमराह करने वाली जानकारियों से अवगत कराया। कुछ दस्तावेज भी उपलब्ध कराए। परंतु सत्यता के मापदंडों पर पर्दा डालती इस खबर से स्वास्थ्य तंत्र की लापरवाही देखने को मिल ही जाएगी। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन अब तक इस मामले में मौन है जबकि आरोपों को गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच, दस्तावेजों की समीक्षा और लाइसेंस की पड़ताल जरूरी है। यदि शिकायतों की अनदेखी की गई तो स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर सीधा प्रहार होगा और यह जहरीले कफ सिरप जैसे दूसरे कांड होने की आहट हो सकती है, इंकार नहीं किया जा सकता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा (मनीष गड़करी)

जिले में कफ सिरप से 25 बच्चों की मौतों के बाद पूरा प्रशासन सख्ते में आया था और आज तक आरोपियों के विरूद्ध जांच चल रही है और कुछ आरोपी जमानत न होने के कारण जेल में है। जहरीली कफ सिरप की वजह से 25 बच्चों की जान गवां देने वाले जिला छिंदवाड़ा की गूंज सड़क से लेकर संसद तक गुंजती रही। परंतु कफ सिरप का मामला अभी शांत ही नहीं हुआ था कि जिले में पैथालॉजी सेवाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए है। मामला है म्यूजियम से पीजी कॉलेज की ओर जाने वाली रोड स्थित पार्थ पैथालॉजी लैब का, जहां मार्च माह में ही लाइसेंस खत्म होने के बाद भी निरंतर पैथालॉजी जांचें चल रही है और पूरी पैथालॉजी लैब ही सवालों के घेरे में है।

सूत्रों के अनुसार पैथालॉजी में न केवल लाइसेंस नवीनीकरण लंबी अवधि से लंबित हे जबकि प्रमाणित पैथालॉजिस्ट की अनुपस्थिति के बीच जांच कार्य किया जा रहा है इससे रिपोर्ट की विश्वसनीता और मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है।


### लैब संचालन के लिए आवश्यक नियमों का पालन जरूरी

लैब संचालन के लिए मान्य लाइसेंस अनिवार्य है। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम या राज्य सरकार के नियामक निकाय से अनुमति आवश्यक है। लैब की मान्यता एनएबीएल/आईएसओ जैसे मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। साथ ही लैब के संचालन के लिए योग्य स्टाफ और ट्रेक्नीशियन होना जरूरी है। लैब टेक्शियन के पास मान्यता प्राप्त डिग्री, डिप्लोमा होना चाहिए। पैथालॉजिस्ट और माइक्रोबायोलॉजिस्ट जैसे विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी आवश्यक है। उपकरण और मशीनें बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर हेमेटोलॉजी एनालाइजर माइक्रोस्को पसेंट्री फ्यूजग्लूको मीटरकोल्ड स्टोरेज / रेफ्रीजरेशन सभी उपकरणों का कैलिब्रेशन और मेंटेनेंस समय-समय पर होना बहुत जरूरी है।




### लैब में पाई गई अनेकों कमियां

पार्थ पैथालॉजी लैब में मशीनों का कैलीब्रेशन समय पर नहीं किया जाता है तथा सैम्पल कलेक्शन और स्टोरेज की मानक प्रक्रिया का भी पालन नहीं होता। रिपोर्ट वेरीफिकेशन सिस्टम कमजोर है और पैथालॉजिस्ट में नियुक्त किए गए डॉक्टर तय किए गए समय पर नहीं रहती है। वे अन्य कई पैथालॉजी में सेवाएं देती है और केवल फोन पर ही सम्पर्क करती है। मीडिया की जांच टीम ने यह पाया कि पैथालॉजी की सेवाएं प्रत्यक्ष रूप से आम जनता की सेहत से जुड़ी होती है ऐसे में बिना लाइसेंस रिन्युअल और मानकों का पालन किए बिना लैब संचालन को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।




**इनका कहना है**

पार्थ पैथालॉजी के विषय में शिकायत प्राप्त हुई है। जांच टीम से जांच कराई जाएगी। अगर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। आम आदमी के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

डॉ. नरेश गुन्नाड़े, मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा

### तस्वीर कुछ कहती है...

संचालक राजेन्द्र पटेल मीडिया के सवाल पर कहते है कि वे शासकीय कर्मचारी नहीं है। अगर वे शासकीय कर्मचारी नहीं है तो शासकीय अस्पताल में क्या कर रहे है। तस्वीर जो कह रही है वह संचालक की बातों से मेल नहीं खाती। बहरहाल जांच में तो निकल ही आएगा। पत्नी के नाम पर बना पुराना लाइसेंस में संचालक केसर राजेन्द्र पटेल है। वहीं शासकीय अस्पताल से सरोकार रखने वाले राजेन्द्र पटेल अपने आपको पार्थ पैथालॉजी के संचालकों से अलग बताते है।



जिला चिकित्सालय की कुर्सी पदस्थ है राजेन्द्र पटेल।

# मिडास कोचिंग संस्था में मिडास प्रतिभा खोज परीक्षा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिन्दवाड़ा-पांढुर्णा जिले का सबसे प्रसिद्ध कोचिंग संस्था मिडास ताज कोचिंग संस्था जो सौंसर एवं पांढुर्णा में " मिडास प्रतिभा खोज परीक्षा सह छात्रवृत्ति परीक्षा सत्र 2026-27 " हेतु प्रारंभ हो रहा है जिसमे दूर दूर से बच्चे हर साल इस परीक्षा में भाग लेते है एवं अपने प्रतिभा को बाहर निकल इस संस्था से जुड़ कर छात्रवृत्ति का फायदा लेते है और अपने सपनों को पूरा करते है इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की परीक्षा की तैयारी कर के आपको बता दे की यह परीक्षा दिनांक 21 दिसम्बर एवं 28 दिसम्बर 2025 को दिन रविवार को सौंसर संस्था एवं पांढुर्णा संस्था में होगी जिसका समय सुबह 11 बजे से प्रारम्भ होगा और यह परीक्षा 8वी से 11वी तक के केवल इंगलिश मीडियम के सभी विद्यार्थियों के लिए रहेगा जिसमे बच्चे इन दोनों तारीख़ में से कोई एक ही तारीख वाले परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

यह छात्रवृत्ति परीक्षा हर वर्ष मिडास संस्था लेती है जिसमे यह परीक्षा को लेने से बच्चों का नींव का अंदाजा भी समझ में आता है और उस नींव के हिसाब से आगे का पढ़ाई में बच्चों को सही मार्गदर्शन दिया जाता है ताकि बच्चे अपने नींव को ओर बेहतर कर सके एवं इस प्रतियोगिता वाले जमाना में कुछ बड़ा हासिल कर अपना भविष्य उज्ज्वल कर सके। यह मिडास प्रतिभा की परीक्षा के पेपर को सही तरीके से जांचा जाता है और सभी बच्चों को उनके पालकों के साथ टेस्ट पेपर को दिखाया भी जाता है ताकि आगे का पढ़ाई के लिए बच्चे एवं उनके माता-पिता अभी से सतर्कता बरतेंगे और ध्यान देंगे जिससे पढ़ाई में बच्चों को मन लगे ताकि बच्चे अपने उज्ज्वल भविष्य को एक सही समय में एक सही मार्गदर्शक के साथ अपने सपनों को पूरा कर सके तो अगर आपके बच्चों को सही दिशा की जरूरत है एक मजबूत नींव के साथ ताकि भविष्य में उनको पढ़ाई आसान लगे और किसी भी बड़े से बड़े प्रतियोगी परीक्षा उनको आसान लगे..तो अब देर किस बात की मिडास संस्था है जो 13 वर्षों से सही मार्गदर्शन देते आया है आपके बच्चो के लिए, जिसका प्रमाण हर वर्ष शाबित करते आया है सभी रिजल्ट में चाहे वो इंजीनियरिंग की तैयारी हो या मेडिकल या 10वी 12वी की तैयारी।

# कॉलेज जाने का कहकर निकली, 20 दिनों बाद भी घर नहीं आई

**परासिया :** बरारिया की 18 वर्षीय युवती अपनी माँ को कालेज जाने का कहकर निकली , 20 दिनों बाद भी घर वापस नहीं आई । बेटी की तलाश में माँ यहां वहां भटक रही है । माँ ने पुलिस से उम्मीद बांध रखी है । इधर पुलिस भी युवती का पता लगाने का प्रयास कर रही है ।बरारिया निवासी गीता कहार ने बताया , कि उसकी दो बेटी और एक बेटा है । जो लापता है , वह छोटी बेटी है ।1 दिसंबर को वह कालेज जाने का कहकर निकली । शाम तक घर नहीं आने पर उसे पास - पड़ोस में तलाश किया गया । अगले दिन 2 दिसंबर को वह अपने पति के साथ न्यूटन पुलिस चौकी गई और बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई । साथ ही गांव के ही शिवम नाम के युवक पर शक जताया । यह युवक भी उसी दिन से गांव में नहीं है , जिस दिन से युवती लापता है । युवती की मां ने .पुलिस को कुछ मोबइल नंबर भी दिए , जिससे बेटी का पता लगाने में मदद मिल सके । हालांकि यह भी बताया , कि उसकी बेटी के पास कोई मोबाइल नहीं है । वह घर से एक काले रंग का बेग लेकर गई थी । 20 दिनों बाद भी बेटी का पता नहीं चलने से माता - पिता और अन्य परिजन परेशान है । माँ को जो भी जानकारी इस सम्बन्ध में मिल रही है , वह पुलिस से साझा कर रही है , ताकि उसकी बेटी की जल्द से जल्द कोई खैर खबर मिल सके । इधर न्यूटन पुलिस युवती को तलाशने का भरसक प्रयास कर रही है ।

# परिवार का बढ़ता चिकित्सीय खर्च चिंता का विषयः सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



ग्राम पंचायत बिसापुर कला के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विषय गौ आधारित कृषि पर आयोजित कार्यशाला में पधारे मुख्य अतिथि श्री सुनील मानसिंहका द्वारा प्रत्येक परिवार का बढ़ता चिकित्सा खर्च पर चिंता व्यक्त की गई एवं इसका मूल कारण कृषि में अंधाधुंध रासायनिक खाद और विषैले कीटनाशकों का प्रयोग है इन सभी समस्याओं का समाधान है गौ आधारित कृषि। भूमि की उर्वरता एवं जैव विविधता पुनः मूल रूप में स्थापित करना होगा पुनः गोबर और गोमूत्र का प्रयोग कृषि में करना होगा इसके लिए सर्वप्रथम देशी गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन आवश्यक है। देशी गोवंश का दूध, घी, छाछ के सेवन से मानव स्वास्थ्य को बहुत लाभ है एवं गोमूत्र के सेवन से कैंसर जैसी बीमारियों में भी लाभ होने के प्रमाण मिले हैं। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रयोग से भविष्य में बेरोजगारी का संकट और बढ़ना है, इन परिस्थितियों में युवाओं के उज्वल भविष्य के लिए गोपालन एवं गौ आधारित कृषि से जुड़े विभिन्न उपक्रमों में बेहतर संभावनाएं है विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि संकाय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीण कृषकों को श्री सुनील मानसिंह का का उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने शाला प्रांगण में विद्यार्थियों को केंचुआ खाद निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए जाने एवं गौ कृपा अमृत बैक्टीरिया कल्चर बनाने की प्रक्रिया की सराहना की।

# न्यूटन वार्ड 12 में मिली 10 लीटर अवैध देशी शराब

## महिला के खिलाफ बनाया प्रकरण, 1050 किलो लाहन किया गया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देश एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी. आर. वैद्य के मार्गदर्शन और वृत्त परासिया प्रभारी अधिकारी जीत सिंह के नेतृत्व में परासिया और आसपास के क्षेत्रों में आबकारी पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है । जिसके तहत आबकारी ने शनिवार 20 दिसंबर को न्यूटन वार्ड 12 में एक घर से 10 लीटर देशी शराब जब्त कर मामले से जुड़ी महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है । वहीं अन्य क्षेत्रों से बरामद 1050 किलो लाहन को भी नष्ट किया । प्रभारी जीत सिंह ने बताया , कि उनके क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामुनझिरी एवं ग्राम मायावाड़ी में अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों में दबिश कार्यवाही की गई । इस दबिश कार्यवाही में आबकारी अमले ने सबसे पहले ग्राम जामुनझिरी में पहाड़ियों में अलग अलग स्थानों पर छुपाकर झाड़ियों रखे हाथ भट्टी मदिरा बनाने के लिये तैयार महुआ लाहन बरामद किया । जहाँ 11 प्लास्टिक की बोरियों में लगभग 550 किलो लाहन मिला । जिसमें से सैंपल लेकर सभी लाहन को नष्ट किया गया । इसके बाद ग्राम मायावाड़ी में नाले के किनारे झाड़ियों रखे लगभग 10 प्लास्टिक की बोरियों में लाहन बरामद कर सैंपल लेकर शेष 500 किलो लाहन को नष्ट किया गया । वहीं न्यूटन वार्ड नंबर 12 में एक मकान की तलाशी लेने पर 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद कर महिला के विरुद्ध प्रकरण कायम किया गया । इस दबीस कार्यवाही में कूल 1050 किलो लाहन तथा 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जिसकी 106000 रूपये अनुमानित कीमत आकी गई है ।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले के खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# मंत्री सारंग की प्रमुख उपस्थिति में कल होगा सांसद खेल महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में फीट इंडिया के माध्यम से जिलें सहित प्रदेश और देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में भी सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में 3 माह पूर्व से की गई तैयारी का परिणाम रहा कि दोनों जिलों के 1 लाख 85 हजार खिलाड़ियों ने ऑनलाइन पंजीयन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।



सांसद खेल महोत्सव का समापन 22 दिसंबर को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग की प्रमुख उपस्थिति में पोला ग्राउंड छिन्दवाड़ा में किया जाएगा। पोला ग्राउंड में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग और सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा हजारों खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की मौजूदगी में विभिन्न स्पर्धाओं में विजयी हुए खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**बॉस्केटबॉल के खेले गए मैच**

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को ओलंपिक स्टेडियम में स्थित बास्केटबॉल कोड में बास्केटबॉल के मैच खेले गए, जिसमें 4 विकासखण्डों के 100 खिलाड़ियों ने संयोजक चंचलेश डेहरिया, नीरज शर्मा एवं अशोक साहू के मार्गदर्शन में भाग लिया। इस अवसर पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष लीला बजोलिया, सौरभ ठाकुर, जगेन्द्र अल्डक, लेखराम वर्मा, अंकित सोलंकी, विनय खरे, वरूण धारापुरे, शुभम यादव, वैभव शर्मा, अनुज मल्होत्रा, अनिल शुक्ला, सचिन तिवारी, मोहित गोहिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मैचों के निर्णायक अनुज वर्मा, अमन धुर्वे एवं पकंज दुबे थे। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके तहत छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गो में बॉस्केटबॉल,क्रिकेट और रोप स्कीपिंग के खेल आयोजित हुए। भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अंकित सोलंकी ने बताया कि आज 21 दिसंबर को जहां ओलंपिक स्टेडियम में स्थित बास्केटबॉल कोड में बास्केटबॉल के फाइनल मैच खेले जाएंगे एवं स्टेडियम ग्राउंड में ही रोप स्कीपिंग की फाइनल स्पर्धाएं भी होगी वहीं कलेक्ट्रेड के सामने स्थित जवाहर ग्राउंड में क्रिकेट के फाइनल मैच खेले जाएंगे।

## सीएमओ परासिया नपा को दे रहे ज्यादा समय, जरा-जरा से काम के लिए चांदामेटा वासी हो रहे परेशान

# परासिया के मोह में चांदामेटा नपं की हो रही उपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत चांदामेटा में पदस्थ सी एम ओ भरत गजबे के पास परासिया नगर पालिका का भी प्रभार है , और वे अपना प्रभार बखूबी निभा भी रहे हैं । इसी निभाने के मोह में चांदामेटा नगर पंचायत की उपेक्षा हो रही है । सी एम ओ अपना ज्यादा समय परासिया नगर पालिका को दे रहे हैं । जिसके चलते चांदामेटा के लोगों को जरा - जरा से काम के लिए परेशानी उठाना पड़ रहा है ।

ग्राम पंचायत हो , नगर पंचायत हो , नगर परिषद या नगर पालिका हो सभी की स्थापना क्षेत्र और लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए की गई है । जिसके सतत और बेहतर संचालन के लिए ब्यूरोकेटस से लेकर छोटे स्तर तक कर्मचारियों की व्यवस्था है । इसमें व्यवस्था में कहीं भी जरा सी चूक या लापरवाही क्षेत्र और लोगों के सर्वांगीण विकास में गतिरोध पैदा कर जाती है , लेकिन यहां बात थोड़ा अलग है।

दरअसल सी एम ओ श्री गजबे को दो जगह अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना पड़ रहा है । एक परासिया नगर पालिका जहां 21 वार्ड हैं , दूसरी चांदामेटा नगर पंचायत जहां 15 वार्ड हैं । वें यहां फुलफ्लेश हैं , और परासिया का उनके पास अतिरिक्त प्रभार है । चांदामेटा के लोगों का कहना पड़ता है , कि वे जब भी किसी कार्य के लिए पंचायत जाते हैं तो साहब मिलते नहीं।

यहां लोगों को आवश्यक प्रमाण पत्रों को बनवाने के लिए परेशान होना पड़ता है । जिन कागजों या फाईलों में सी एम ओ के हस्ताक्षर अनिवार्य होते हैं , वे भी काम प्रभावित हो रहे हैं । परिषद के जनप्रतिनिधियों का कहना है , कि सी एम ओ ज्यादा समय परासिया नगर पालिका में दे रहे हैं । यहां कर्मचारियों को कार्य आवंटन में दिक्कतें आती है सुबह सफाई कर्मचारी को भी समय पर कार्य आवंटन नहीं होने से कार्य प्रभावित हो रहे हैं । हालांकि सी एम ओ के समय को लेकर उत्पन्न हो रही कठिनाईयों के लिए समय का उचित निर्धारण किया जाना एक उचित उपाय हैं ।

## सड़क मरम्मत और डिवाइडर रंगाई के लिए नपं अध्यक्ष ने एमपीआरडीसी को लिखा पत्र



न्यूटन / परासिया :- नगर पंचायत न्यूटन की अध्यक्षा अनुपमा राय ने नगर के मुख्य मार्ग की मरम्मत और डिवाइडर के रंग - रोंगन के लिए एम पी आर डी सी को पत्र लिखकर सड़क मरम्मत की मांग रखी है ।उन्होंने पत्र में लिखा है , कि नगर परिषद न्यूटन चिखली सीमांतर्गत छिन्दवाड़ा - मटकुली - पिपारिया राज्यमार्ग पर लगभग 1.8 किमी० सड़क न्यूटन नगर के बीचों बीच से जाती है । उक्त सड़क में जगह - जगह बड़े - बड़े गढ़ढे हो चुके हैं , डिवाईडर का कलर खराब हो गया है एवं अनेक स्थलों पर डिवाईडर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं । इससे आमजनता को आवगमन में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । साथ ही इससे सड़क दुर्घटना घटित हो रही है । आनामी दिनों में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिये केन्द्र सरकार की टीम नगर के जमीनी निरीक्षण के लिये आने की संभावना है । खराब सड़क व डिवाईडारों से नगर की रैंकिग पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा ।अध्यक्षा अनुपमा राय ने पत्र के माध्यम से छिन्दवाड़ा - मटकुली - पिपारिया राज्यमार्ग की मरम्मत एवं डिवाईडर की रंगाई - पुताई सौन्दर्याकरण व सड़क संकेतक लगवाये जाने की मांग रखी है । शिकायत वापस होते ही भूल गया ठेकेदार :- बीते दिनों उक्त समस्या को लेकर सी एम हेल्पलाइन पर शिकायत की गई थी , जिसके बाद ठेकेदार ने सड़क के एक तरफ कुछ स्थानों पर मरम्मत कर खानापूर्ति कर दी गई , जिसके बाद विभाग के अधिकारी के कहने पर शिकायत वापस लेली । उसके बाद ठेकेदार ने सड़क के दूसरी तरफ मरम्मत करना भूल गया ।

## जनता तक पहुंच सरकार की जन कल्याणकारी नीतियां: श्याम टेलर



सौंसर। क्षेत्र में प्रथम बार आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का सौसर प्रवास भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिशबाजी और गर्म जोशी के साथ स्वागत सत्कार किया गया है। पीपला नारायण मार्ग बस स्टैंड पर श्री टेलर का भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं पुष्पों का वर्षा होकर स्वागत सत्कार किया, सौसर में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शिवाजी चौक पर उनका भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया। ढोल-धमाकों और उत्साह के बीच कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया।इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री टेलर के द्वारा बोरगांव में आईपीएल में चयनित खिलाड़ी मंगेश यादव के परिजनों से मुलाकात करते हुए उनका स्वागत किया,भाजपा कार्यालय में युवा मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु एसाईआर आ रहा है, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री टेलर ने कहा कि आगामी समय में बूथ स्तर पर हमारी सक्रियता ही जीत का आधार बनेगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि:प्रत्येक कार्यकर्ता एसाईआर' की प्रक्रिया को गहराई से समझे।बूथ स्तर पर जाकर मतदाताओं के नामों का सूक्ष्म अवलोकन करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि मतदाता सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम न छूटे।नया नाम जोड़ने और त्रुटियों को सुधारने में मतदाताओं की सहायता करें।वरिष्ठ नेताओं और युवाओं की रही उपस्थितिबैठक के दौरान संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम में राहुल मोहड़ विवेक गायकवाड़, युवा सरपंच दिनेश भलावी, सौरभ अढ़ाऊ, पप्पी सेलुकर, के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। सौसर आगमन पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के द्वारा चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सांवली में पहुंचकर श्री मूर्ति के दर्शन और अभिषेक किया,इस दौरान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष एवं मंदिर ट्रस्टी संदीप मोहड़, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एड अजय धवले टीकाराम करोकार, आदि के द्वारा भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष का स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत सत्कार किया गया।

## 24 घंटे में हल की भाजपा जिला अध्यक्ष ने किसानों की समस्या

सौंसर। खरीफ और रबि फसल के सिंचाई के ऐ मौके पर ट्रांसफार्मर का जल जाना और सिंचाई कार्य प्रभावित होना किसानों के लिये चिंता का विषय बन जाता हैं।



रामाकोना मंडल के सूर्या बुर्या, छोटी वंजारी माता मंदिर के सामने स्थित ट्रांसफार्मर अचानक धु-धु कर जल उठा और किसानों के समक्ष कपास, गेहू और चने की फसल के सिंचाई का संकट निर्मित हो गया। किसानों ने उक्त समस्या को जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड के समक्ष रखी, श्री मोहोड ने विभागीय अधिकारियों को चौबीस घंटे के भीतर सुधारने के निर्देष दिये। विद्युत विभाग के अमले द्वारा तत्काल नवीन ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति षुरू की। जिससे किसानों में हर्ष व्याप्त है। इस जटिल समस्या को जिला भाजपा अध्यक्ष के संज्ञान में लाने के बाद हल होने पर किसानों ने श्री मोहोड एवं मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल का आभार व्यक्त किया। आभार व्यक्त करनेवाले किसानों में गुलाबराव गुर्वे, षामराव खारकर, पंजाबराव पाल, रमेष खारकर, तुकाराम बानबोते, पुरूषोत्तम खारकर, धोंडबा आत्राम, षिवकुमार उईके, देवराव उपासे आदि का समावेष था।

## विद्यार्थी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे जौहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



उच्च शिक्षा एवं उत्तम संस्कार के लिए ख्याति प्राप्त सन्त श्री आशाराम जी गुरुकुल के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय बास्केटबॉल और नेट बॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है । इस अवसर पर गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर ने बताया कि पूरे जबलपुर संभाग से केशव पिता भारद्वाज सिंह (बिहार) कक्षा 9 th बास्केटबॉल और सत्यम राज पिता मुकुल कुमार बिहार कक्षा 7 th जिसका नेटबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है । 23 से 28 दिसंबर को 69 वीं शालेय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर में सम्पन्न होगा । ऐसा अनेकोबार हो चुका है कि गुरुकुल के विद्यार्थियों ने हर क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर जिले को गौरान्वित किया है । यह सब आध्यात्मिक शिक्षा और आधुनिक शिक्षा के समन्वय के कारण सम्भव होता है। ऐसे बहुत से कारण हैं , इसलिए यहाँ प्रतिवर्ष बच्चों के दाखिले की भीड़ रहती है । उक्त गुरुकुल में देश के लगभग 24 राज्यों के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं । पूरे जबलपुर संभाग में हजारों स्कूल आतें हैं। पर इन बच्चों का चयन गर्व की बात है ।संभाग स्तर की प्रतियोगिता लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आयोजित की गई थी । इस खुशी के अवसर पर खजरीं आश्रम के संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , पूजा आम्रवंशी , प्रबंधक डॉ. सुशील सिंह परिहार , छात्रावास प्रभारी सोमनाथ पवार , स्पोर्ट्स टीचर सहित पूरे शिक्षण स्टॉफ़ ने बधाई दी ।

## वन विभाग ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन

सौंसर। वन विभाग सौंसर की ओर से वन जंगल पर्यावरण की सुरक्षा रक्षा एवं जंगल के बारे में छात्र-छात्राओं को आसानी से जानकारी उपलब्ध हो सके इस देश को लेकर अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य वन संरक्षक मधु व्ही राज,सौसर वन विभाग एसडीओ प्रमोद चोपडे,के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र सौसर के अंतर्गत वाघ्यानाला जलाशय पर एक दिवसीय अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में शासकीय सांदीपनि विद्यालय सौसर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्य, विद्यालय सौसर, शासकीय प्रभावती मानेकर उच्चतर माध्य. विद्यालय सौसर एवं शासकीय हाईस्कूल गोहटान (सौंसर) के 127 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर जगदीश प्रसाद शिवहरे द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रकृति पथ पर वनों, वन्य प्राणी एवं पर्यावरण के महत्व तथा संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया,प्रकृति पथ पर पर्यावरण संरक्षण संबंधी खेल खेले गए, प्रकृति पथ भ्रमण उपरांत बच्चों के साथ क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पियुष वैध,द्वितीय स्थान मेघना मेहतपुरे एवं तृतीय स्थान प्रणय जाने शासकीय सांदीपनि विद्यालय सौरार के विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ।

## क्षेत्र के युवा खिलाड़ी ले मंगेश यादव से प्रेरणा: विधायक चौरे




बोरगांव। युवा क्रिकेट खिलाड़ी मंगेश रामअवध जी यादव के आईपीएल ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में चयन होने परिजनो को क्षेत्र वासियों के द्वारा बधाइयां प्रेषित की जा रही है।विधायक विजय चौरे ने श्री यादव के निवास पहुंचकर उनके संघर्ष और परिश्रम से हासिल किए पुरुस्कार और मैडल को बड़े गौर से देखते हुए पिता राम अवध यादव एवं माता रीता यादव का पुष्पमाला पहनाकर शाल श्रीफल के साथ में स्वागत सत्कार किया,इस दौरान विधायक विजय चौरे ने बतायादो वर्ष पहले पूर्व सांसद नकुल नाथ द्वारा आयोजित सांसद कप के दौरान मंगेश ने मुझसे मुलाकात हुई थी,मंगेश के पिताजी रामअवध ट्रक ड्राइवर थे,परिवार गरीब था और सुविधाओं की कमी थी इसके बावजूद भी मंगेश ने परिस्थिति के आगे कभी अपने घुटने नहीं टेके और यह बतलाया कि सपने कभी नहीं टूटते सपनो को हासिल करने के लिए हमारे भीतर एक जि़द होनी चाहिए।इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदेव ग्राम पंचायत बोरगांव सरपंच पंकज दातारकर, प्रदीप कॉलपांडे, उपसरपंच घनश्याम कालपांडे, के के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## भाजपा नेता अंसार सिद्दीकी को मातृ शोक



इकलेहरा / परासिया :- इकलेहरा निवासी भाजपा नेता अंसार सिद्दीकी को मातृ शोक हुआ । 85 वर्षीय अंसार सिद्दीकी और अफसर सिद्दीकी की माता कुरैशा बी लंबे समय से बीमार थीं । शनिवार शाम को उन्होंने अंतिम स्वांस ली । आज रविवार को दोपहर में उनके निज निवास आजाद नगर वार्ड 6 से उनका जनाजा निकाला जाएगा और जौहर की नमाज के बाद उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द - ए - खाक किया जाएगा ।

## आंगनवाड़ी केंद्र सिमरिया में जागरूकता अभियान संपन्न

मण्डला। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महिला बाल विकास परियोजना नैनपुर के सेक्टर जहरमऊ के आंगनवाड़ी केंद्र सिमरिया में कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के संबंध में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को यौन उत्पीड़न की परिभाषा, शिकायत की प्रक्रिया, आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका, गोपनीयता के प्रावधान तथा अधिनियम के अंतर्गत मिलने वाले संरक्षण की जानकारी सरल भाषा में दी गई। किसी भी प्रकार की असहज स्थिति में महिलाएं बिना भय के शिकायत दर्ज करा सकती हैं। सुरक्षित, सम्मानजनक और भेदभाव-मुक्त कार्य, वातावरण प्रत्येक महिला का अधिकार है और इसके लिए सभी को संवेदनशील एवं जिम्मेदार भूमिका निभानी चाहिए।

## उच्च न्यायालय के आदेश के बाद बीईओ नारायणगंज का सौंपा गया प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला


माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) मण्डला द्वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, नारायणगंज के प्रभार को लेकर नया आदेश जारी किया गया है।

पूर्व में कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) मण्डला के आदेश दिनांक 17 जून 2025 के माध्यम से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबलिया में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंगौर को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, नारायणगंज का संपूर्ण वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रभार सौंपा गया था। किंतु आयुक्त, आदिवासी विकास भोपाल के पत्र दिनांक 26 जून 2020 के निर्देशों के पालन में




उक्त आदेश को 23 जून 2025 को निरस्त कर दिया गया था।

इस निरस्तीकरण आदेश के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय में विभिन्न रिट याचिकाएं दायर की गई थीं। माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 17 नवम्बर 2025 को पारित निर्णय में यह स्पष्ट किया गया कि याचिकाकर्ता वरिष्ठता के आधार पर पात्र नहीं हैं तथा शासन के परिपत्र दिनांक 26 जून 2020 के अनुसार विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी का प्रभार वरिष्ठ कर्मचारी को ही सौंपा जाना आवश्यक है। परिणामस्वरूप संबंधित सभी याचिकाएं निरस्त कर दी गईं। न्यायालय के अंतिम आदेश के पश्चात अब राजेश कुमार विश्वकर्मा, मूल पद व्याख्याता एवं वर्तमान में उच्च पद प्रभार प्राचार्य, हाई स्कूल नारायणगंज, जिला मण्डला को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, नारायणगंज का संपूर्ण प्रभार अस्थायी रूप से सौंपा गया है।



## 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक बीएसवीपी का सिकल सेल एनीमिया रोकथाम और रक्तदान पर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सामाजिक संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार मंडला द्वारा शहीदी दिवस के अवसर पर 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक सिकल सेल एनीमिया रोकथाम को लेकर और रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।सिकल सेल एनीमिया की समस्या हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मंडला और डिंडोरी में आम बात हो गई है।

सिकल सेल एनीमिया के रोक थाम को लेकर जितना प्रयास करना चाहिए अभी उस परिस्थिति में नहीं हो रहा है आज यह बीमारी के रोकथाम को लेकर जमीनी स्तर पर प्रयास होना चाहिए।

कुछ दिनों पूर्व 28 नवंबर और 7 दिसंबर को अलग-अलग स्थानों पर दो शिविर आयोजित किए इस शिविर में केवल कुछ लोगों की ही जांच करवाया गया मंडला महाराजपुर पोंड़ी में 114 लोगों की जांच हुई जिसमें 34 लोगों की वाहक मरीज होने की पुष्टि हुई ठीक उसी प्रकार बिछिया में 7 दिसंबर को जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 107 लोगों की जांच हुई तथा जिसमें से 33 वाहक मरीजों की पुष्टि हुई तथा पांच धारक मरीजों की पुष्टि हुई।

इसके पूर्व भी अनेकों शिविर आयोजित किए गए जिसमें सैकड़ो की संख्या में सिकल सेल एनीमिया मरीजों की पुष्टि लगातार होते आ रही है।इस प्रकार के मरीजों की लगातार इतनी बड़ी संख्या में पुष्टि होना एक ही बात का संकेत देती है कि अभी भी हमारा जिला जागरूक नहीं हैं।जिले की जनसंख्या के आधार पर अभी भी सिकल सेल एनीमिया की जांच करने में असमर्थ हैं कारण यही है कि अभी ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं जहां तक हमें पहुंचना चाहिए। जांच के पश्चात ठीक प्रकार से काउंसलिंग होना भी अति आवश्यक होना चाहिए ताकि नए-नए लोगों की जांच कराने में सफल हो सके।

## अवैध शराब के साथ सेंट्रो कार जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारीयो के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक डॉ. जयसिंह यादव द्वारा गठित टीम आज द्वारा दिनांक 20.12.2025 को बड़ी कार्रवाई की गई।

थाना महाराजपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ग्रे रंग की सेंट्रो कार अवैध शराब लेकर घंसौर की ओर से आ रही है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी की गई। इसी दौरान सेंट्रो कार क्रमांक MH 02 BT 7221 को रोकने का प्रयास किया गया किंतु उनके द्वारा भागने का प्रयास किया गया, पुलिस टीम द्वारा त्वरित घेराबंदी कर वाहन रोका गया।

वाहन में सवार एक व्यक्ति भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा व्यक्ति चालक सीट पर मौजूद था। गवाहों की उपस्थिति में विधिवत तलाशी पंचनामा की कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार आरोपी में पंकज कुमार परते, पिता सुद्धुलाल परते, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम हर्राटीकर, थाना मोहगांव, जिला मंडला। हिमेश ठाकुर, पिता विजयकिशोर ठाकुर, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम मुगदरा, थाना बम्हनी, जिला मंडला शामिल है पुलिस द्वारा जो समान की जप्ती की गई उसमें कुल शराबः 61 लीटर 800 एमएल, कुल कीमतः 39,100/-, सेंट्रो कार क्र.MH 02 BT 7221 (अनुमानित कीमत 1,50,000/-) शामिल है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर थाना महाराजपुर में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।




कार्यवाही

### बिना लायसेंस अधिक दामों पर बेची जा रही थी यूरिया।

# अवैध रूप से खाद्य भण्डारण पर कार्यवाही

* अवैध खाद्य का विक्रय किसानों के साथ खिलवाड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



विकासखंड नारायणगंज अंतर्गत दिव्या किराना एंड जनरल स्टोर में उर्वरक एवं बीज का अवैध भंडारण और विक्रय किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। कृषि विभाग को मिली शिकायत के आधार पर गठित टीम द्वारा जब दुकान की जांच की गई, तो बिना लाइसेंस खाद और बीज का कारोबार किया जाना पाया गया।

जानकारी के अनुसार उक्त जनरल स्टोर के संचालक राकेश कुमार साहू बिना किसी वैध अनुमति के उर्वरक और बीज की बिक्री कर रहे थे, जो कृषि अधिनियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। कृषि विभाग की टीम के दुकान पर पहुंचते ही राकेश साहू किराना स्टोर पर ताला लगाकर मौके से फरार हो गए।

नारायणगंज स्थित राकेश साहू के प्रतिष्ठान के गोदाम में भी यूरिया पाए जाने पर कृषि विभाग ने संबंधित कमरे को सील कर दिया है। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से उर्वरक का भंडारण किया जा रहा था।

इसके बाद कृषि विभाग की टीम द्वारा राकेश साहू के पैतृक ग्राम में भी कार्रवाई की गई, जहां अवैध रूप से भंडारित 54 बोरी यूरिया जप्त की गई। विभाग द्वारा जिस कमरे में यूरिया रखा गया था, उसे सील कर दिया गया है। जप्त सामग्री के संबंध में आगे की वैधानिक प्रक्रिया की जा रही है।

जांच दल में डीडीए अश्वनी झरिया, एसडीओ निवास अरविंद वर्मा, एसएडीओ नारायणगंज प्रीति लोवंशी तथा एईओ उपस्थित रहे। टीम द्वारा मौके पर उपलब्ध सामग्री का अवलोकन कर आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई की गई।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी राकेश साहू को विभागीय कार्रवाई की पूर्व जानकारी मिलने की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि राकेश साहू के एक रिश्तेदार कृषि विभाग में पदस्थ हैं, जिसके चलते समय-समय पर उन्हें संभावित जांच या कार्रवाई की सूचना मिलती रही और अब तक बचाव किया जाता रहा। हालांकि इस संबंध में विभागीय स्तर पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि यदि जांच में इस प्रकार की मिलीभगत या सूचना लीक होने की पुष्टि होती है, तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से खाद और बीज का विक्रय किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ है, इससे फसल उत्पादन और गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। मामले में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफ आई आर की जा चुकी है एवं नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही उर्वरक व बीज की खरीद करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल विभाग को दें।

**खबर संक्षेप**

### विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर हेतू रक्षित केंद्र सिवनी में द्वितीय ध्यान अभ्यास सत्र

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस जीवन में तनाव प्रबंधन व आत्म विकास हेतू पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री सुनील मेहता के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक मिश्रा के निर्देशन व गरिमामय उपस्थिति में रक्षित निरीक्षक श्री प्रवीण नायडू द्वारा रक्षित केंद्र सिवनी में ध्यान अभ्यास सत्र आयोजित किए जा रहे हैं,यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र संघ,द्वारा घोषित विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर 2025 सामूहिक ध्यान कार्यक्रम के मद्देनजर किए जा रहे हैं।आज द्वितीय अभ्यास सत्र हार्टफुलनेस केंद्र सिवनी की टीम श्री नरेश मिश्रा जी,श्री पूनमचंद सोनी जी,सुरेश सोनी जी,मनीषा तिवारी जी द्वारा लिया गया।

# अच्छी खबर: सुकतरा लखनादौन के बीच 14 ब्लैक स्पाटों पर बनेंगे व्हीकुलर अंडर पास

## पूर्व सांसद डां. बिसेन के प्रयासों से 605 करोड़ की सड़क सुरक्षा योजना को मिली रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 44 पर लगातार हो रही सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुरक्षित बनाने के लिए सुकतरा से लखनादौन के बीच चिन्हित किये गये 14 ब्लैक स्पाटो पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा व्हीकुलर अंडरपास व्हीयूपी निर्माण की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अंडरपास बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। इन व्हीकुलर अंडरपास, के लिये 605 करोड़ रूपये भी स्वीकृत कर दिये गये है।**

लखनादौन से खवासा के बीच स्वीकृत किये गये इन अंडरपासों के लिये पूर्व सांसद डां. ढालसिंह बिसेन द्वारा विगत कई माहों से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से पत्राचार किया जा रहा था तथा पिछले दिनों दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडक़री से भेंट कर इस संबंध में उन्हें स्मरण पत्र भी सौंपा गया था। पूर्व सांसद डां. बिसेन द्वारा किये प्रयासों के परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एनएच -44 के मढ़ई, गणेशगंज, घुनई, छपारा, छपारा कला, सादक़ सिवनी, बंडोल, गोरखपुर चौराहा, राहीवाड़ा, भोंगाखेड़ा, नागझर बायपास तिराहा, सीलादेही, गोपालगंज और सुकतरा के संभावित दुर्घटना स्थलों पर व्हीकुलर अंडरपास के लिये 605 करोड़ की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है तथा मढ़ई, गोरखपुर चौराहा और नागझर बायपास तिराहा पर अंडरपास निर्माण के लिए टेंडर आमंत्रित होकर आवंटित किए जा चुके हैं और निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने की स्थिति में है। शेष 11 स्थानों के टेंडर एनएचएआई मुख्यालय स्तर से आमंत्रित किए गए हैं, जिन्हें जल्द ही स्वीकृति मिलने की संभावना है। पूर्व सांसद डां. बिसेन ने इन सभी स्वीकृति के लिये नरेद्र मोदी प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं केन्द्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडक़री का आभार व्यक्त किया है।

# छिंदवाड़ा चौक पर चाय की दुकान के पास युवक का शव मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत छिंदवाड़ा चौक पर चाय की दुकान के पास एक युवक का शव मिला है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, युवक रात के समय गोपी कृष्णा चाय की दुकान के पास अचेत अवस्था में पड़ा था। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने पाया कि युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान अज्जू उर्फ अजय कुमार गोनंगे (35) के रूप में हुई है, जो ग्राम सागर, थाना बंडोल का निवासी था। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।शराब के नशे से मौत होने की आशंका कोतवाली थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि उन्हें छिंदवाड़ा चौक के पास एक व्यक्ति के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर निरीक्षण के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि मृतक अजय कुमार गोनंगे गंज वार्ड में रहता था और शराब पीने का आदी था। वह कबाड़ बीनने और मांगकर खाने का काम करता था और अक्सर कहीं भी सो जाता था। थाना प्रभारी के अनुसार, प्रथम दृष्टया युवक की मौत शराब के नशे के कारण हुई प्रतीत होती है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर ली है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# विशाल नि:शुल्क रक्तदान शिविर संपन्न, 62 यूनिट रक्त संग्रह

## रक्तदान जीवनदान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है

**5 महिलाओं ने भी स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया**



सिवनी जिले के जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उगली में शनिवार, 20 दिसंबर 2025 को एक विशाल निःशुल्क स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। इस रक्तदान शिविर में कुल 62 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जो क्षेत्र के लिए एक सराहनीय उपलब्धि है। विशेष बात यह रही कि शिविर में 5 महिलाओं ने भी स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन कनक एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल उगली, अखिल विश्व गायत्री परिवार, विकास स्पोर्ट क्लब उगली, हिंदू उत्सव समिति पांडिया छपारा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उगली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान जीवनदान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं अल्पाहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजक संस्थाओं ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही। उक्त रक्तदान शिविर के आयोजक श्री प्रभाकर बिसेन जी श्री अजय नागेश्वर जी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उगली के सभी सदस्य , गायत्री परिवार केवलारी से ब्लाक समन्वयक श्री विनोद बर्मन, परिब्राजक श्री जितेंद्र क्षीरसागर जी एवं श्री राजेश नामदेव जी , श्री नंदलाल क्षीरसागर जी, श्री हरीश बिसेन, एवं स्थानीय परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में चलाया गया हेलमेट जागरूकता अभियान चालानी कार्यवाही के साथ हेलमेट भी किये वितरित

**जिले के राष्ट्रीय राजमार्गों, राजमार्गों एवं अन्य मुख्य सड़क मार्गों के निकट बसे क्षेत्रो में चलाया जा रहा है,**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

क्योकि उक्त मार्गो पर ही सडक दुर्घटना के दौरान दुपहिया वाहन चालको की मृत्यु अधिक होती है। इसी तारतम्य में सिवनी पुलिस द्वारा आज दिनांक को हेलमेट जागरूकता अभियान थाना लखनवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत फुलारा ग्राम के पास पुलिस अधीक्षक सिवनी की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

इस दौरान थाना प्रभारी लखनवाड़ा एवं यातायात द्वारा अपने बल के साथ हेलमेट न धारण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी एवं जिन वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई, उनको पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता द्वारा हेलमट की उपयोगिता समझाते हुए हेलमेट धारण करने हेतु अभिप्रेरित करते हुए मौके पर हेलमेट वितरण किए गए।

पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा वितरण कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया की आप पर ₹चालानी कार्यवाही हेलमेट पहनने का दंड नहीं अपितु आपकी अमूल्य जान को बचाने के लिए की गयी है₹ जिससे कि आप आगे आने वाले समय में हेलमेट धारण करें एवं अपने आप को सुरक्षित रखते हुए अपने परिवार को सड़क दुर्घटना के बाद होने होने वाली समस्याओं से भी दूर रखें।

पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा इस दौरान लोगो से अपील की गयी की वे भी अपने आसपास के कम से कम पांच पांच व्यक्त्यियो को हेलमेट धारण करने हेतु प्रेरित करे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति श्रद्धा सोनकर, निरीक्षक चन्द्र किशोर सिरामें थाना प्रभारी लखनवाड़ा, निरीक्षक विजय बघेल थाना प्रभारी यातायात साथ ही थाना यातायात एवं लखनवाड़ा का बल उपस्थित रहा।

# बापू गरीबदास फाउंडेशन एनजीओ को किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इम्पैक्ट इंडिया समिट 2025 का आयोजन गाँधी हाल इंदौर में किया गया जिसमे देश के 100 श्रेष्ठ एनजीओ को चुना गया और उनको पुरुस्कृत किया गया उनके द्वारा निरंतर किये जा रहे विकास के कार्य जिससे समाज में एक बदलाव आ रहा है हमारे सिवनी जिले के विकासखंड लखनादौन के बापू गरीबदास फाउंडेशन एनजीओ मध्यप्रदेश को सम्मानित किया गया उनकी टैग लाईन है। एक प्रयास बेहतर कल के लिये बापू गरीबदास फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र डेहरिया ने बताया की यह सम्मान उनके सदस्यों के योगदान का परिणाम है संगठन के सदस्य निरंतर विकास के कार्यों में योगदान देते रहते हैं बात करें साफ सफाई की या बात करें पर्यावरण संरक्षण की निरंतर पौधरोपण करते हैं साथ ही उनकी सुरक्षा का जिम्मा लेते हैं द्य यह पुरुस्कार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री जानकी दीदी द्वारा प्रदान किया गया।

# पर्यटन स्थल पायली पर विशेष आवरण एवं विरुपण मुहर का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



अधीक्षक डाकघर, बालाघाट संभाग बालाघाट ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा सिवनी जिले में गत 19.12.2025 को पर्यटन स्थल पायली पर विशेष आवरण एवं विरुपण अनावरण कार्यक्रम अधीक्षक डाकघर बालाघाट संभाग बालाघाट वाय.एल धनेन्द्र की अध्यक्षता में प्रधानडाकघर सिवनी में संपन्न किया जा रहा है। इस आवरण के अग्र भाग में नर्मदा नदी पर स्थित बरगी बांध के जलाशय क्षेत्र का विहंगम दृश्य का चित्र लिया गया है एवं पिछले भाग में इसके बारे में संक्षिप्त लेख है।

नर्मदा नदी पर स्थित बरगी बांध का जलाशय क्षेत्र, सिवनी जिले के पायली नामक एक स्थान पर अत्यंत ही मनोहारी प्राकृतिक विहंगम दृश्य का निर्माण करता है। पायली में स्थित विशाल झील और इसके कुछ टापू समुद्र की तरह प्रतीत होते है। पायली में ब्रिटिश शासनकाल में बना हुआ एक ऐतिहासिक विश्राम गृह आज भी विद्यमान है जो क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाता है।

पर्यटन स्थल पायली सिवनी जिले का पहला ऐसा पर्यटन स्थल है जिस पर सिवनी जिलें में पहली बार विशेष आवरण विरुपण मुहर द्वारा विरुपित कर जारी किया गया है। यह क्षण सिवनी जिले के नागरिकों के लिये विशेष महत्व का है। जिसे आज हम विशेष आवरण एवं विरुपण मुहर के रुप में सजोएंगे। यह विशेष आवरण सीमित संख्या में छापे गए है। आज के बाद इस अवसर पर पुनः विशेष आवरण जारी नही किया जा सकेगा। यह विशेष आवरण प्रधानडाकघर सिवनी में विशेष विरुपण मुहर दिनांक 19.12.2025 से विरुपण के पश्चात विक्रय हेतु प्रधानडाकघर सिवनी व बालाघाट के काउंटर पर उपलब्ध हो जायेंगे। अतः फिलाटेली में रुचि रखने वाले लोग जल्द से जल्द अपना ऑर्डर बुक कर लेवे। एक विशेष आवरण का मूल्य डाक टिकट सहित 25 रुपये है।

कार्यकम में सहायक अधीक्षक डाकघर बालाघाट संभागीय कार्यालय जी.आर. चौधरी, प्रभारी सहायक अधीक्षक डाकघर सिवनी दक्षिण उपसंभाग श्री मुकेश सोनी, डाकपाल प्रधानडाकघर सिवनी आर. एन. उपाध्याय, सहायक प्रधानडाकपाल पी. एन. राउत, कार्यालय सहायक सत्येन्द्र इड़पाचे एवं अन्य डाक कर्मचारी व नागरिकगण उपस्थित रहें।

# खेल महोत्सव अंतर्गत हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

**सिवनी**, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत लोकसभा बालाघाट-सिवनी की लोकसभा स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 17 दिसम्बर को विकासखंड बरघाट, जिला सिवनी में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में पूर्व सांसद व पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. ढॉलसिंह बिसेन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं खेल संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में बालिका और पुरुष वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले हुए, जिनमें बरघाट और सिवनी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। बालिका वर्ग में 45 किग्रा में कुमकुम (बरघाट), 50 किग्रा में गुलाबवती (सिवनी), 53 किग्रा में प्रतिज्ञा (बरघाट), 57 किग्रा में शीतल (बरघाट), 62 किग्रा में आशा नारबोदे (बालाघाट) तथा 72 किग्रा में माही परते (परसवाड़ा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में 45 किग्रा में योगेश कुतराहे (परसवाड़ा), 50 किग्रा में सतीष नागवंशी (बालाघाट), 57 किग्रा में चैन कुमार उइके (सिवनी), 61 किग्रा में करन काकोडिय़ा (सिवनी), 65 किग्रा में संत कुमार सैय्याम (सिवनी), 70 किग्रा में शिव शंकर कावरे (सिवनी), 74 किग्रा में योगेश बिसेन (बरघाट), 86 किग्रा में खुशहाल चंद्रहास (सिवनी) और 92 किग्रा में आशीष नगपुर (बालाघाट) विजेता रहे। 92 किग्रा से अधिक भार वर्ग में नियाज खान को विजयी घोषित किया गया।

आयोजन में नगर पालिका परिषद बरघाट, जनपद पंचायत, स्वास्थ्य, पुलिस, शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग का सहयोग रहा। मुख्य निर्णायक आसिफ पहलवान, प्रकाश पहलवान और घनश्याम सोनवाने रहे। मंच संचालन संदीप मिश्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मनु धुर्वे ने किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को 23 दिसम्बर 2025 को सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर मुलना स्टेडियम, बालाघाट में सम्मानित किया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक मे हाईकोर्ट जज सहित देशभर के न्यायिक व मानवाधिकार पदाधिकारी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरघाट

विगत दिवस बनारस के चंदौली जिले मे आयोजित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक मे इलाहाबाद हाइकोर्ट के जज माननीय शेखर कुमार यादव जी, चंदौली के जिला जज श्री दिवाकर कुमार चतुर्वेदी जी, रेलवे के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय अरुण कुमार गुप्ता जी राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश सिंह तोमर जी, हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता भार्गव जी ,राष्ट्रीय महिला प्रमुख डॉ मधु सिंह चौहान जी, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार की डायरेक्टर सुषमा सिंह जी , साथ मे आये छिंदवाड़ा जिले के जिला अध्यक्ष श्री प्रशांत नायक जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री संजीव नागवंशी जी, सिवनी जिले के जिला संयोजक श्री ध्रुवनारायण चौधरी जी, अधिवक्ता श्री नवीन नागभिरे जी, उज्जैन जिलाध्यक्ष श्री रामचरण शर्मा जी, जिला महामन्त्री श्री दयानंद शर्मा जी साथ मे समस्त उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलो से आये अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## धतुरिया में जल संचय अभियान के तहत श्रमदान, 40 से अधिक बोरियों से नाले पर बोरी बंधान

**सिवनी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सिवनी के अंतर्गत नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शहरी एवं ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा ग्राम धतुरिया में जल संचय अभियान के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संरक्षण, ग्राम स्वच्छता तथा सामूहिक प्रयासों से जल संसाधनों के संरक्षण पर विस्तृत चर्चा की गई।

## कृषि विज्ञान केंद्र, सिवनी के वैज्ञानिकों की सलाह

# शीत लहर एवं पाले से सर्दी के मौसम में सभी फसलों को नुकसान से बचाने हेतु किसान भाई तैयार रहे

## पाले में पहले से कैसे करें फसलों की बेहतर सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि शीत ऋतु के शुरू होते ही खेती में हमारे किसान भाइयों के सामने एक समस्या ठंड के कारण आती है**

जिसे पाला या मावठा कहते हैं कडक सर्दी के कारण फसलों पर पाला पडने की आशंका बहुत तेजी से बढ जाती है जिससे रबी की फसलों में काफी नुकसान होता है किसान भाइयों को चाहिए कि पहले से किसी भी तरह अपनी आलू, अरहर, चना, गेहूं, सरसों, तोरिया, मटर आदि फसलों को बचाव, इसके अलावा सब्जीवर्गीय व फलदार वृक्षों का भी पहले से बचाव करना अति महत्वपूर्ण है।

### पाले के कारण फसलों को नुकसान

पाले के कारण प्रभावित पौधों की कोशिकाओं में उपस्थित पानी में सर्वप्रथम अंतर कोशिकीय स्थान निर्जलीकरण की अवस्था बन जाती है दूसरी और अंतर कोशिकीय स्थान में उपस्थित जल जमकर आयतन बढने से आसपास की कोशिकाओं में दबाव पडता है पौधों की कोशिकाओं में मौजूदा पानी जमने लगते हैं. दबाव अधिक होने पर कोशिका की भित्ति फट जाती है. जिससे पौधों की पत्तियां, कोंपलें, फूल, फल सब धीरे-धीरे सूखने लगते हैं. इस प्रकार फसलों की कोमल टहनियां पाले से नष्ट हो जाती है. पाले का अधिक असर फूलों और पत्तियों पर ही पडता है. पाले के असर से फल सिकुडने लगते हैं. फलों के बालियों में दाने नहीं बनते हैं. पाले से प्रभावित फसलों का हरा रंग समाप्त हो जाता है और पौधों का रंग सफेद सा दिखने लगता है. जिससे किसानों को काफी नुकसान होता है।

### पाला पडने के क्या लक्षण होते हैं

प्राय पाला दिसंबर के अंतिम सप्ताह से 10 जनवरी की बीच में ही आशंका अधिक होती है फसलों में तब पाला पडता है, जब सर्दी के मौसम में दोपहर के पहले ठंडी हवा चल रही हो और हवा का तापमान बिल्कुल कम होने लग जाए, जब आसमान साफ हो और दोपहर के बाद अचानक हवा चलना बंद हो जाए तब फसलों में पाला पडने की संभावनाएं तेजी से बढ जाती है. ऐसे में फसलों को पाला से बचाना जरूरी होती है।

दिन के समय सूर्य की गर्मी में पृथ्वी गर्म हो जाती है तथा पृथ्वी में यह गर्मी विकिरण द्वारा वातावरण में स्थानांतरित हो जाती है इसलिए रात्रि में जमीन का तापमान गिर जाता है क्योंकि पृथ्वी को गर्मी तो नहीं मिलती और इसके बावजूद मौजूद गर्मी विकिरण द्वारा नष्ट हो जाती है तापमान कई बार जीरो डिग्री सेल्सियस या इससे भी कम हो जाता है ऐसी अवस्था में ओस की बूंद जम जाती हैं इस अवस्था को हम पाला कहते हैं।

कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी के वैज्ञानिक डॉ. के.के. देशमुख, डॉ.एन.के. सिंह, डॉ. आर.एस. ठाकुर, इंजी. कुमार सोनी, डॉ.जी.के. राणा, डॉ.के.पी.ए. सैनी द्वारा किसानों को सलाह दी जाती है कि पाले से बचाव हेतु पहले से बचाव व सुरक्षा पर ध्यान देवें।

### पाले से फसलों को कैसे बचाएं

जब वायुमंडल का तापमान में लगातार गिरावट आने लगे और तापमान लगभग 4 डिग्री सेल्सियस से भी कम या 0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तब फसलों में पाला पडता है. इसलिए पहले से बचने के लिए किसी भी तरीके से वायुमंडल के तापमान को 0 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बनाए रखना अति महत्वपूर्ण हो जाता है ऐसा करने के लिए फसलों को पाले से बचाने के लिए कुछ सुरक्षात्मक एवं परंपरागत और रासायनिक तरीकों को अपनाकर किसान अपनी फसलों में पाला लगने से बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षात्मक एवं परंपरागत उपाय के रूप में जिस रात पाला पडने की संभावना हो, उस रात 12 से 2 बजे के आस-पास खेत को ठंडी हवाओं से बचाने के लिए कूड़ा-कचरा, घास-फूस जलाकर धुआं करना चाहिए। इससे काफी हद तक फसलों में पाला का प्रभाव कम हो जाता है। पाला पडते की संभावना हो तब खेत में सिंचाई करनी चाहिए। नमी युक्त जमीन में काफी देर तक गर्मी रहती है और भूमि का तापमान कम नहीं होता है, 0.5 से 2.0 डिग्री तक तापमान बढ़ जाता है। पौधों को पुआल या पॉलीथीन शीट से ढँक दें ध्यान रहे पौधों का दक्षिण-पूर्वी भाग खुला रहे।पालें में सबसे अधिक नुकसान नर्सरी में होता है नर्सरी के पौधों को रात में प्लास्टिक की चादर से ढकने की सलाह दी जाती है ऐसा करने से प्लास्टिक के अंदर का तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ जाता है परिणाम स्वरूप नर्सरी के पौधों के आसपास का तापमान जमाव बिंदु तक नहीं पहुंच पाता और पौधे पाले से बच जाते हैं ग्रामीण स्तर पर किसान भाई गांव में पुआल का उपयोग पौधों को ढकने के लिए कर सकते हैं पौधों को ढकते समय इस बात का ध्यान रखना अति महत्वपूर्ण है कि पौधों को दक्षिण - पूर्वी भाग खुला रहे ताकि पौधों को सुबह व दोपहर को धूप मिलती रहे पुआल का प्रयोग दिसंबर से फरवरी तक करना चाहिए। वायुरोधक द्वारा पाले से बचाव-पहले से बचाव हेतु खेत के चारों ओर मेड पर पेड झाडिय़ां की बाढ लगा दी जाती है इससे शीत लहर द्वारा होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है यदि खेत के चारों ओर मेड पर पेडों की कतार लगाना संभव न हो तो कम से कम उत्तर पश्चिम दिशा में जरूर पेड की कतार लगानी चाहिए जो इस दिशा से आने वाली शीत लहर को रोकने का काम करेगी पेड की ऊंचाई के अनुसार ही शीत लहर से बचाव होता है एवं फसल सुरक्षित रहती है।

### रासायनिक उपाय

रासायनिक उपाय के रूप में जिन दिनों पाला पडने की संभावना हो उन दिनों फसलों पर सल्फर डस्ट 8 से 10 द्मद्द प्रति एकड़ भुरकाव करें या घुलनशील सल्फर 45 ग्राम प्रति 15 लीटर पानी में स्प्रे करें।थायो यूरिया 7 से 8 ग्राम प्रति 15 लीटर पम्प से स्प्रे करें।व्यापारिक गंधक का तेजाब (सल्फ्यूरिक एसिड)15 द्वद्य प्रति पंप स्प्रे करें इसका असर 2 सप्ताह तक रहता है। यदि इस अवधि के बाद भी शीत लहर पाले की संभावना बनी रहे तो गंधक के तेजाब के छिडक़ाव को 15-15 दिन के अंतराल पर दोहराते रहे।सरसों, गेहूं, चावल, आलू, मटर जैसी फसलों को पाले से बचाने में गंधक के तेजाब का छिडक़ाव करने से न केवल पाले से बचाव होता है,बल्कि पौधों में लौह तत्व एवं रासायनिक सक्रियता बढ़ जाती है। इस प्रकार किसान भाई फसल, नर्सरी तथा वृक्षों को पाले से होने वाले नुकसान से बहुत ही सरल एवं कम लागत के तरीकों द्वारा सुरक्षा दे सकते हैं और फसलों को बचा सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## जिला आयुष अधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य केंद्रों का किया निरीक्षण



कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी द्वारा आयुष विभाग अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य केंद्र लिंगा, आयुष्मान आरोग्य केंद्र नंदोरा तथा होम्योपैथी औषधालय लांजी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी संचालन, आयुष जन आरोग्य कार्यक्रम, असंचारी रोग सर्वे, लाभान्वित रोगियों की संख्या, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई एवं संधारित अभिलेखों का विस्तार से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला आयुष अधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य केंद्र लिंगा में प्रचलित नवीन निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य केंद्र (आयुष) में जियो-टैग आधारित उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश जारी किए गए हैं तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि आमजन को आयुष चिकित्सा सेवाएं नियमित एवं सुचारु रूप से उपलब्ध हो सकें। उल्लेखनीय है कि जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य केंद्रों (आयुष) के माध्यम से आमजन को आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी पद्धति की चिकित्सा सेवाएं निरंतर प्रदान की जा रही हैं। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य केंद्रों में नियमित रूप से योगाभ्यास सत्रों का आयोजन भी किया जा रहा है।

## लंबी बीमारी के बाद उमा बडमे का निधन



**लांजी।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 निवासी श्रीमती उमा पति सितम बडमें का 18 दिसम्बर की रात्रि निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम दोपहर 12 बजे स्थानीय कोटेश्वर मोक्षधाम, लांजी में किया गया। विदित हो कि श्रीमती उमा बडमें पिछले काफी समय से अस्वस्थ थी। जिनका लगभग दो वर्षों तक नागपुर में इलाज चला, उसके बाद पिछले एक वर्ष से बालाघाट में इलाज जारी था, परन्तु नियति के आगे परिजनों का प्रयास भी खाली गया, ओर उन्हें नहीं बचाया जा सका। श्रीमती उमा बडमें की अंतिम यात्रा में काफी संख्या में नगरवासी एवं नाते रिश्तेदार पहुंचे और परिजनों को ढाढस बंधाया। श्रीमती उमा बडमें के पति सितम बडमें नोटरी का कार्य करते हैं जिन्होंने पत्नी को बचाने का अंतिम समय तक प्रयास किया।

## बौद्ध युवक युवती परिचय सम्मेलन आज

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** भारतीय बौद्धो की धार्मिक, सामाजिक धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के माध्यम से संस्था के राष्टीय ट्रस्टी कार्याध्यक्ष बोधिसत्व डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर जी के पौत्र डॉ. भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब मुंबई के नेतृत्व एवं निर्देशानुसार पूरे भारत देश में बौद्ध धम्म का संपूर्ण कारवा गतिमान किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में डॉ.चरनदास ढेंगरे के नेतृत्व में भी संस्था के विभिन्न प्रकार के धम्म प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन एवं अन्य धम्म कार्यो के माध्यम से धम्म कारवां गतिमान किया जा रहा है। इस क्रम को जारी रखते हुये संस्था की वारासिवनी तहसील जिला बालाघाट के तत्वावधान में दिनांक 21 दिसंबर 2025 को स्थानीय अभिनंदन लॉन लालबर्रा रोड में प्रातः 10.30 बजे से विवाह योग्य बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में विवाह योग्य युवक, युवतियां एवं विधवा-विधूर, तलाकसुदा सदस्य भी सम्मिलित हो सकते है।

# नक्सल प्रभावित ग्राम हर्रादेही में जन सुनवाई शिविर

# ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

### आईजी, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ पहुंचे हर्रादेही ग्राम और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना

**बालाघाट।** जिले के लांजी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरबेली के ग्राम हर्रादेही में 20 दिसंबर को जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। यह ग्राम नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थित है। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर सुनकर उनका त्वरित निराकरण करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना रहा। शिविर में बालाघाट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय सिंह, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ,लांजी एसडीएम श्री कमल सिंहसार, जनपद सीईओ श्री रामगोपाल यादव एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान हर्रादेही



के ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति की समस्या बताते हुए संचार सुविधा के लिए मोबाइल टावर स्थापित करने की मांग की। वहीं केराडीह के ग्रामीणों ने गांव में स्कूल खोलने एवं बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग रखी। सायर , संदूका के ग्रामीणों ने भी बिजली की समस्या बताई। उलटनाला के ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी केंद्र खोलने की मांग की। इसके अलावा ग्रामीणों ने वन अधिकार पट्टा दिए जाने की मांग भी रखी और बताया कि इसके लिए आवेदन किया जा चुका है तथा उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ भी मिल रहा है। शिविर के दौरान लगभग 50 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। साथ ही 50 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 3 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना के स्वीकृति पत्र तथा 5 हितग्राहियों को संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि प्रदान की गई। कृषि विभाग द्वारा एक हितग्राही को नलकूप खनन हेतु अनुदान स्वीकृति पत्र तथा दो किसानों को अलसी, सरसों एवं मसूर के बीज वितरित किए गए।जनसुनवाई शिविर से ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल देखने को मिली।

# जल संचय हेतु ग्रामीणों का मिल रहा भरपूर सहयोग



### झिलिमिली नाले में श्रमदान से किया गया बोरी बंधान, किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैहर एवं नवांकुर संस्था युग शक्ति महिला मंडल, गढ़ी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बैहर जनपद पंचायत के सेक्टर गढ़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिजोरा में जनसहयोग से झिलिमिली नाले में श्रमदान के माध्यम से बोरी बंधान कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सिजोरा के सहयोग से किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। बोरी बंधान के माध्यम से नाले में बहते पानी को रोकने में सफलता मिली है, जिससे नाले में जल भराव बढ़ने लगा है। इस संचित जल का उपयोग क्षेत्र के किसान अपनी फसलों की सिंचाई के लिए कर सकेंगे, वहीं पशु-पक्षियों के लिए भी पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान जल संचय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि "खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में" संरक्षित रखना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

आज के इस श्रमदान कार्य में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता एवं विकासखंड समन्वयक श्री महेश पटले, परामर्शदाता सुश्री संगीता उइके, नवांकुर समिति अध्यक्ष सुश्री मंजुलता चौधरी, सरपंच श्री सुनहेर पुषाम, साथ ही तामसिंह मरकाम, बुधराम मरकाम, माखन परते, एवं शिवानी शिवहरे, आरती कुशरे, अनीता आरमो, महिमा धुर्वे, आरती तेकाम सहित समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामीणों के उत्साहपूर्ण सहयोग से यह स्पष्ट होता है कि जनसहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर सकारात्मक और स्थायी परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से सुरक्षित आशियाने का सपना हुआ साकार

### कच्चे घर से पक्के मकान तक का सफर, बदली बिपत कटरे के परिवार की तक़दीर



**बालाघाट।** जिले के जनपद पंचायत परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत लगमा के निवासी श्री बिपत कटरे, पिता श्री कौडू कटरे, के लिए पक्का घर कभी एक अधूरा सपना था। वर्षों तक वे अपने परिवार के साथ कच्चे और असुरक्षित मकान में रहने को मजबूर थे। बरसात में टपकती छत, सर्दियों में ठिठुरन और हर मौसम में असुरक्षा की चिंता उनके जीवन का हिस्सा बन चुकी थी। सीमित आय के कारण स्वयं पक्का मकान बनवाना उनके लिए संभव नहीं था।

ऐसे समय में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) उनके जीवन में आशा की किरण बनकर आई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत लगमा में पात्रता का सत्यापन कर श्री बिपत कटरे का नाम योजना में शामिल किया गया। इसके पश्चात शासन द्वारा चरणबद्ध रूप से आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिससे उन्होंने अपने सपनों का पक्का, सुरक्षित और सम्मानजनक आवास निर्मित कराया। आज श्री बिपत कटरे अपने नए घर में पूरे परिवार के साथ सुरक्षित और ससम्मान जीवन व्यतीत कर रहे हैं। पक्का मकान मिलने से उन्हें वर्षा, ठंड और अन्य प्राकृतिक कठिनाइयों से राहत मिली है। बच्चों को पढ़ाई के लिए शांत और बेहतर वातावरण मिला है, वहीं पूरे परिवार में स्थायित्व और आत्मविश्वास की भावना मजबूत हुई है। इस आवास ने न केवल उनके जीवन की परिस्थितियाँ बदली हैं, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ाई है। श्री बिपत कटरे इस उपलब्धि के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जनपद पंचायत परसवाड़ा तथा ग्राम पंचायत लगमा के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।यह सफलता-कहानी इस बात का सशक्त प्रमाण है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ जब सही पात्र व्यक्ति तक पहुँचती हैं, तो वे ग्रामीण जीवन में स्थायी, सकारात्मक और गरिमापूर्ण परिवर्तन लाने का कार्य करती हैं।

# संयुक्त राष्ट्र में श्रीश्री : कभी वर्जित मानी जाने वाली ध्यान साधना को मिली वैश्विक स्वीकृति



### आज श्री श्री द्वारा विश्व ध्यान दिवस पर होगा लाइव ध्यान —

**बालाघाट** । रविवार, 21 दिसंबर 2025 धकभी विलासिता समझी जाने वाली ध्यान साधना को आज वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल चुकी है। विश्व ध्यान दिवस, जो कि 21 दिसंबर को मनाया जाता है, के अवसर पर आज गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर संयुक्त राष्ट्र के मंच से रात्रि 8:30 बजे (भारतीय समयानुसार) लाइव जुड़कर पूरे विश्व को एक साथ ध्यान कराएंगे।



करोड़ों लोग एक साथ होंगे सहभागी इस ऐतिहासिक अवसर पर पूरे विश्व में करोड़ों लोग सामूहिक ध्यान में सहभागी बनेंगे, जिससे ध्यान, मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक चेतना का एक सशक्त वैश्विक संदेश जाएगा।गुरुदेव का संदेश : ध्यान अब आवश्यकता हैगुरुदेव ने अपने संदेश में कहा—"ध्यान अब दुनिया के लिए कोई विलासिता नहीं रह गया है। आज जब हमारी एक तिहाई आबादी अकेलेपन से और आधी आबादी मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों से जूझ रही है, तब ध्यान जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है।"गुरुदेव ने माइंडफुलनेस की अवधारणा को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि ध्यान मन में संचित अनावश्यक तनाव और नकारात्मक विचारों को हटाने की प्रक्रिया है, जैसे कंप्यूटर से फालतू फाइलें डिलीट की जाती हैं। ध्यान भीतर तक शांति देता है और यह कोई कठिन साधना नहीं है।हम सभी ऊर्जा हैं : गुरुदेवगुरुदेव ने कहा—"हम सभी ऊर्जा हैं। यदि हम अपनी ऊर्जा के स्वरूप को पहचान लें, तो जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन संभव है।"

### बालाघाट में भी विश्व ध्यान दिवस का उत्सव

इस उपलक्ष्य में बालाघाट जिले में भी अनेक स्थानों पर विश्व ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर 18 से 28 दिसंबर तक निःशुल्क सामूहिक ध्यान सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

### शैक्षणिक संस्थानों में उत्साहपूर्ण सहभागिता

उत्कृष्ट विद्यालय, सी.एम. राई संदीपनी विद्यालय, एम.एल.बी. स्कूल, सरदार पटेल कॉलेज, पी.जी. डिग्री कॉलेज, कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय सहित शासकीय एवं निजी विद्यालयों, कॉलेजों और कार्यालयों में विद्यार्थी, शिक्षक एवं नागरिक बड़ी संख्या में सहभागिता कर रहे हैं।

### जिला मुख्यालय पर होगा सामूहिक ध्यान

21 दिसंबर को रात्रि 8:30 बजे, जब गुरुदेव पूरे विश्व को लाइव संबोधित करते हुए ध्यान कराएंगे, उसी समय बालाघाट जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर भी एक साथ सामूहिक ध्यान किया जाएगा।इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय के सभागार में आमजन एवं ध्यान प्रेमी नागरिक एकत्रित होकर सामूहिक ध्यान करेंगे।

### ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़ सकेंगे साधक

जो लोग स्थल पर उपस्थित नहीं हो सकेंगे, वे ऑनलाइन संसाधनों के माध्यम से इस लाइव ध्यान सत्र से जुड़कर इस वैश्विक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं।

### 192 देशों का समर्थन : संयुक्त राष्ट्र में ऐतिहासिक निर्णय

संयुक्त राष्ट्र महासभा में 192 देशों द्वारा विश्व ध्यान दिवस के प्रस्ताव का समर्थन किया जाना ध्यान की वैश्विक स्वीकार्यता का स्पष्ट प्रमाण है। शिक्षा, संघर्ष समाधान, युवा नेतृत्व, कारागार सुधार, कॉर्पोरेट तनाव प्रबंधन एवं सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में ध्यान को प्रभावी साधन के रूप में अपनाया जा रहा है।

**यान बना वैश्विक शांति का माध्यम**

ेआज ध्यान केवल व्यक्तिगत आत्म-विकास तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह मानवता, संवाद, मानसिक स्वास्थ्य और वैश्विक शांति का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। गुरुदेव के मार्गदर्शन में विश्व ध्यान दिवस समाज को आंतरिक संतुलन और सामूहिक चेतना की दिशा में आगे बढ़ा रहा है।

# प्रदेश मंत्री विश्वास सारंग के बालाघाट आगमन को लेकर भाजयुमो की बैठक संपन्न

**सौंपी गई जिम्मेदारी, जगह-जगह होगा स्वागत-सत्कार**





बालाघाट। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा एक आवश्यक बैठक भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोनू पांडे की अध्यक्षता, जिला उपाध्यक्ष अनिल धुवारे, जिला महामंत्री संजय मिश्रा, जिला कार्यालय सह मंत्री चंद्रकांत पिपलेवार, नगर अध्यक्ष रमाकांत डहाके के प्रमुख आतिथ्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष योगराज टेंभरे, मोनिल जैन, प्रसन्न कांकरिया, नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, जिला मंत्री अमन गांधी, ऋषभ भाटिया जिला कोषाध्यक्ष धीरज सुराणा, जिला कार्यालय मंत्री संकेत सुराणा, शेखर फुलसूंगे, अखिलेश चौरे, प्रज्वल चौरसिया, जिला कार्यालय सह मंत्री राहुल जेमी जमईवार, नगर महामंत्री दीपक लील्हारे, मोहित राणा, सिद्धार्थ वाजपेई, जसमीत नरडे सहित बड़ी संख्या भाजयुमो कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। जहां 23 दिसंबर को प्रदेश शासन के खेल एवं युवक कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग के बालाघाट प्रवास की व्यापक तैयारियों को लेकर रूपरेखा बनाई गई। जिसके तहत भाजयुमो कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। मंत्री विश्वास सारंग की अगुवाई जिले प्रवास द्वार कंजई, बंजारी मंदिर के समीप की जाएगी। वहां लालबर्रा, गर्रा, बालाघाट नगर में जगह-जगह स्वागत-सत्कार किया जाएगा। बेला में मंत्री सारंग पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन से भाऊ निवास में उनसे सौजन्य भेंट करेंगे। बाद खेल महोत्सव, कायस्थ समाज भवन लोकार्पण, पंवार प्रिमियम क्रिकेट लीग का शुभारंभ करेंगे। साथ अन्य स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक में जिले के युवाओं से बड़ी संख्या में इन अवसरों पर उपस्थिति का आग्रह किया गया।

# विधायक विवेक विक्की पटेल ने लगाया जनता दरबार



### जनता जनार्दन को कोई समस्या हो तो मुझसे करे संपर्क- विवेक पटेल

**वारासिवनी।** विधायक विवेक विक्की पटेल ने शनिवार को अपने जनसंपर्क कार्यालय में जनदर्शन के तहत जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय व क्षेत्र के लोगों ने कार्यालय पहुंच कर विधायक के समक्ष अपनी समस्या रखने का प्रयास किया। विधायक विवेक विक्की पटेल ने बारी-बारी से सभी जनमानस की समस्याओं व आवेदन को सुना और उसके निराकरण का प्रयास किया। आवश्यक होने पर अधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश दिये गये। जानकारी अनुसार विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा पूर्व में भी इस तरह के जनता दरबार के माध्यम से जन समस्या को सुनकर निराकरण करने का प्रयास किया गया है। इसी के तहत यह क्रम लगातार जारी है। विधायक विवेक विक्की पटेल के सामने लोगों ने कई तरह की समस्या रखी और उसके निराकरण करने का आग्रह किया। बिजली, पानी, सडक़ के अलावा अन्य कई तरह की विभागीय समस्यायें, जिसमें नगरपालिका, जनपद पंचायत सहित स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़ी बातें विधायक के समक्ष रखी गई थी। जिसके संबंध में विधायक ने अधिकारियों से चर्चा की और उसके निराकरण करने के लिये निर्देशित किया।

### जनता की हर समस्याओं को तत्काल हल करने का प्रयास.

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि विधानसभा सत्र सम्पन्न होने के कारण क्षेत्र के प्रवास में नहीं था। लेकिन यह जनसंपर्क प्रवास क्षेत्र में लगातार जारी रहेगा। इस बीच क्षेत्रीय जनों से भेंट व जनसमस्या सुनने के लिये वह अपने कार्यालय में भी रहता हूँ। ताकि जनता जनार्दन को किसी तरह की समस्या या बातें रखनी हो, तो वह मुझसे कह सके। ताकि लोग अपनी बातें खुलकर रख सके। वह जो कुछ भी हैं, तो जनता के बल पर है और उनके बीच रहना उनकी बातें सुनना हमारा अधिकार है। क्षेत्र के विकास के साथ जनमानस की समस्याओं को सुनने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि वे बातें उनके भी संज्ञान में आये और हम उसके निराकरण करने में सहभागी बन सके। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में कई तरह की छोटी समस्याओं व आवश्यकता से जुड़ी बातें सामने आयी है। जिसमें आवश्यक होने पर उसे विभागों को अग्रेसित किया जा रहा और कुछ स्थानीय समस्या होने पर अधिकारियों से चर्चा कर उसके निराकरण करने के लिये कहा गया है। मै आमजन का विधायक हूँ। जिनके लिये सदैव उपस्थित रहता हूँ और वे किसी भी समय मुझ से या मेरे कार्यालय में यहां पर अपनी बातें पहुंचा सकते है।